भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.5480

उत्तर देने की तारीख 25 मार्च, 2026

4जी संतृप्ति परियोजना

5480. डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगेः

श्री निलेश ज्ञानदेव लंकेः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में, विशेषकर महाराष्ट्र में वर्तमान वित्त वर्ष 2026 में 4जी संतृप्ति परियोजना के अंतर्गत अब तक स्थापित किए गए मोबाइल टावरों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्र और दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामों को हाल ही में उक्त टावरों के माध्यम से जोड़े जाने वाले जिलों का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ग) डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत आकांक्षी जिलों में दूरसंचार सेवाओं के विस्तार में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) देश में 4जी सैचुरेशन परियोजना के तहत दिनांक 28.02.2026 तक 14,301 मोबाइल टावर संस्थापित किए गए हैं जिनमें महाराष्ट्र राज्य में 2,297 टावर शामिल हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में, देश में 4जी सैचुरेशन परियोजना के तहत 3,623 टावर संस्थापित किए गए हैं जिनमें महाराष्ट्र राज्य में 533 टावर शामिल हैं। ऑन-एयर टावरों की जिला-वार संख्या और इन टावरों के माध्यम से कवर किए गए गांवों की संख्या डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) की वेबसाइट (https://usof.gov.in/en/home) पर अनुबंध-I में उपलब्ध है।

(ग) और (घ) भारतनेट कार्यक्रम के तहत आकांक्षी जिलों सहित देश की सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) में चरणबद्ध तरीके से ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना अधिदेशित है। इस परियोजना के अंतर्गत सृजित अवसंरचना राष्ट्रीय संपत्ति है, जो सेवा प्रदाताओं के लिए बिना किसी भेदभाव के सुलभ है और इसका उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में फाइबर टू द होम कनेक्शन, लीज्ड लाइन, डार्क फाइबर, मोबाइल टावरों के लिए बैकहॉल इत्यादि जैसी ब्रॉडबैंड सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए किया जा सकता है। भारतनेट कार्यक्रम के तहत दिनांक 28.02.2026 तक देश भर में कुल 2,17,805 ग्राम पंचायतों को सेवा उपलब्ध कराने के लिए तैयार किया जा चुका है जिनमें महाराष्ट्र राज्य की 24,575 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। दिनांक 28.02.2026 तक सेवा उपलब्ध कराने के लिए तैयार की गई ग्राम पंचायतों की राज्य-वार संख्या डीबीएन की वेबसाइट (https://usof.gov.in/en/home) पर अनुबंध-II में उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, दिनांक 28.02.2026 तक देश के 6,44,131 गांवों में से 6,32,392 गांव (भारत के महापंजीयक के नवंबर, 2019 के आंकड़ों के अनुसार) 4जी मोबाइल सेवाओं से कवर हैं। दिनांक 28.02.2026 तक 4जी कवरेज वाले गांवों की राज्य-वार संख्या डीबीएन की वेबसाइट (https://usof.gov.in/en/home) पर अनुबंध-III में उपलब्ध है।

****